नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

जबलपुर 31 जुलाई। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्रमांक-02 जबलपुर की 16वीं छःमाही समीक्षा बैठक दिनांक 31.07.2025 को श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि हम अपना अधिक से अधिक दैनिक सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करें और भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

उन्होंने आगे कहा कि आज हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती है। हमें अपने साहित्यकारों से प्रेरणा लेकर दैनिक सरकारी कामकाज में सरल, सहज और सुबोध हिंदी का प्रयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यालयों में दैनिक सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। उन्होंने आगे भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं राजभाषा हिंदी संबंधी संवैधानिक प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन एवं हिंदी के व्यापक प्रयोग-प्रसार पर प्रकाश डाला और अपने रचनात्मक सुझाव साझा किए।

वर्ष 2024 के दौरान राजभाषा हिंदी का उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले 03 कार्यालयों को राजभाषा शील्ड एवं 03 कार्यालयों को राजभाषा ट्रॉफी तथा 10 सदस्य कार्यालयों को प्रशस्ति पत्र श्रीमती बंदोपाध्याय, अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, पमरे के कर कमलो से प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। श्री गुप्ता ने पुरस्कार प्राप्त कार्यालयों को बधाई दी और अधिक से अधिक कार्यालयों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सदस्य कार्यालयों को प्रोत्साहित किया।

इस बैठक में विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों के प्रशासनिक एवं विभाग प्रमुख, अन्य प्रतिनिधि अधिकारी/कर्मचारी अपर मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर मंडल श्री सुनील टेलर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी. विवेक कुमार गुप्ता एवं अन्य शामिल हुए। बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया तथा श्री निंबालकर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/262/2025 दिनांक 31.07.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर